| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Business Remedies | Jaipur | 30.07.2022 |
| Nafa Nuksan | Jaipur | 30.07.2022 |

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड


सीआईएनः L18101RJ2007PLC025502

**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवाड़ा – 327001, राजस्थान

फोनः 02961 – 231251 – 52, 02962 – 302400; फैक्सः 02961–231254

**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सेक्टर – 1, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)

फोनः 0120–4390300 (EPABX); फैक्सः 0120–4277841

ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in


## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो–विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित होने वाली भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड की 15वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड ("कम्पनी") की 15वीं वार्षिक आम बैठक (**"एजीएम"**) **बुधवार, 31 अगस्त, 2022 को 11:30 बजे पूर्वाह्न** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**"वीसी"**)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से, पन्द्रहवीं एजीएम की सूचना, जिसे नियत समय पर प्रेषित किया जाएगा, में निर्दिष्ट व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवारा – 327 001, राजस्थान माना जाएगा।

सदस्य ध्यान दें कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिकोण से, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) ने अपने परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 के साथ पठित पूर्ववर्ती परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांकित 14 दिसम्बर, 2021, संख्या 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021, संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020, संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020 एवं संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020 के साथ ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) द्वारा जारी परिपत्रों अर्थात् SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 एवं SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 (**"सामूहिक रूप से लागू परिपत्रों के रूप में संदर्भित"**) के हवाले से कैलेंडर वर्ष 2022 में कम्पनियों के एजीएम का आयोजन, आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"वीसी/ओएवीएम"**) के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। इन लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी की 15वीं वार्षिक आम बैठक आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी। अतः सदस्य एजीएम में मात्र वीसी/ओएवीएम के माध्यम से उपस्थित हो सकते एवं भाग ले सकते हैं। एजीएम में सम्मिलित होने के निर्देश एजीएम की सूचना में दिए जाएंगे।

सदस्य यह भी ध्यान दें कि उपर्युक्त परिपत्रों के अनुसरण में एवं सरकार की गो–ग्रीन पहल को अग्रसर करने हेतु, एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा भेजी जाएंगी जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत हैं। पूर्वोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट **www.bttl.co.in**, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट, अर्थात् बीएसई लिमिटेड **www.bseindia.com** पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् **www.evoting.nsdl.com** पर भी उपलब्ध होंगे।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें, कम्पनी की 15वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से, **बृहस्पतिवार, 25 अगस्त, 2022 से बुधवार, 31 अगस्त, 2022 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।**

कम्पनी एजीएम में संपादित किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा हेतु अधिकृत एजेंसी के तौर पर व्यवस्था की है।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **रविवार, 28 अगस्त, 2022 को (9:00 बजे पूर्वाह्न) प्रारम्भ होगी और मंगलवार, 30 अगस्त, 2022 को (5:00 बजे अपराह्न) समाप्त होगी। 24 अगस्त, 2022 की कट–ऑफ तिथि** के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरों को रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके उपरान्त ई–वोटिंग मॉड्यूल को एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। वे सदस्य, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हों और जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से प्रस्तावों पर अपना वोट नहीं डाला है और अन्यथा ऐसा करने से प्रतिबंधित नहीं हैं, एजीएम दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने हेतु पात्र होंगे।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीयों द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में, **कट–ऑफ तिथि 24 अगस्त, 2022** को दर्ज हो, मात्र वे ही रिमोट ई–वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में वोट करने का पात्र होगा। डीमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर रखने वाले एवं जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली एजीएम की सूचना में प्रदान की जाएगी। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया जाएगा।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते और बैंक खाते का विवरण कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) को प्रदान करें। इसे पंजीकृत करने की प्रक्रिया नीचे उल्लिखित हैः

| | |
|---|---|
| **भौतिक शेयर धारिता के मामले में** | कम्पनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट अर्थात् **बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (इकाईः भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड), तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग सेंटर के पीछे, नई दिल्ली–110062** को फॉर्म ISR-1 में सहायक दस्तावेजों सहित विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें या उसकी स्कैन की गई प्रति **beetalrta@gmail.com** पर ईमेल करें तथा ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण प्रदान करेंः<br>क) फोलियो नंबर, ख) शेयरधारक का नाम, ग) ईमेल पता, घ) पैन कार्ड की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), ङ) आधार की प्रतिलिपि (स्वप्रमाणित), च) शेयर प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि (आगे व पीछे) |
| **डीमैट शेयर धारिता के मामले में** | कृपया अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सलाह दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता तथा बैंक खाता विवरण अपने डीमैट खाता में पंजीकृत करें। |

भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य अथवा जिन्होंने कम्पनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं है, वे रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अथवा बैठक के दौरान, एजीएम सूचना में दिए गए तरीके से, ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, सदस्य **http://www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध सदस्यों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा सदस्यों हेतु एजीएम में भाग लेने तथा रिमोट ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री संख्याः 1800 1020 990 एवं 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्य कम्पनी को **bttl.investor@lnjbhilwara.com** पर लिखकर एवं ईमेल कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और एमसीए परिपत्रों एवं सेबी परिपत्र(ओं) के अनुपालन में है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

कृते **भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**

**हस्ता/–**

**अविनव शर्मा**

**कम्पनी सचिव, अनुपालन अधिकारी और मुख्य वित्तीय अधिकारी (एसीएस–42599)**

स्थानः नोएडा (उ.प्र.)

दिनांकः 30 जुलाई, 2022